कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 23/07/2022

# ।। सूचना ।।

महाविद्यालय के समस्त स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डिप्लोमा प्राप्त विद्यार्थी अपना पंजीयन NATS (National Apprentice Training Scheme) https://www.mhrdnats.gov.in में अप्रेंटिशिप हेतु कराकर मासिक 7000 से 9000 के मध्य स्टाईफंड प्राप्त कर सकते है। एवं अप्रेंटिशिप की निर्धारित अवधि की समाप्ति पर विद्यार्थी को एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा, जिससे रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी NATS के पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्री राजेश कुमार चौरसिया से संपर्क कर सकते है।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय,

ब्लॉक–03, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

फोन नं. 0771–2263412, फैक्स – 2263412, Email – slqaccg@gmail.com

क्र. 1157 /आउशि/गु.प्र./2022 नवा रायपुर दिनांक 21-7-22

प्रति,

कुलसचिव,
समस्त विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़।

प्राचार्य,
समस्त महाविद्यालय,
छत्तीसगढ़।

विषय :– नेशनल अप्रेंटिशिप ट्रेनिंग स्कीम में विद्यार्थियों के पंजीयन विषयक।

संदर्भ :– 1. छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक 2164/06/भा.स./2022/38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 11.05.2022।
2. सचिव, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग नई दिल्ली का पत्र क्रमांक D.O.No.13-7/2017-TS.VII दिनांक 11.03.2022।

—00—

उपर्युक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों के अनुक्रम में लेख है कि नेशनल अप्रेंटिशिप ट्रेनिंग स्कीम के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर तथा डिप्लोमा उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों का पंजीयन NATS (National Apprentiship Training Scheme) www.portal.mhrdnats.gov.in में अप्रेंटिशिप हेतु करावें, जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को मासिक रु. 7000/– से 9000/– के मध्य स्टाईफंड प्रतिमाह प्राप्त होगा। अप्रेंटिशिप को निर्धारित अवधि की समाप्ति पर विद्यार्थी को एक प्रमाण पत्र भी दिया जावेगा जिससे रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया जा सकता है। विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के समस्त पंजीकृत विद्यार्थियों की जानकारी का संधारण करने एवं उन्हें NATS के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करना सुनिश्चित करें। इस संबंध में अधिक जानकारी NATS के पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

विश्वविद्यालय/महाविद्यालय अपने क्षेत्र में स्थित शासकीय/अशासकीय उद्योगों से संपर्क स्थापित कर विद्यार्थियों के अप्रेंटिशिप हेतु समुचित प्रयास करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

21/7

(श्रीमती शारदा वर्मा)
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ.क्र. 1161 /आउशि/गु.प्र./2022 नवा रायपुर दिनांक 21/7/22

प्रतिलिपि :–
सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित।

21/7

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner